बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

विज्ञापन संख्या 05/2015, दन्त चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु Attempt Certificate/अंक पत्र समर्पित करने के निमित अंतिम अवसर देने के सम्बन्ध में

आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन बेसिक ग्रेड दन्त चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰– 05/2015 के अधीन दिनांक 28.01.2017 को प्रकाशित सूचना के बाद भी कुछ उम्मीदवारों द्वारा Attempt Certificate एवं B.D.S. के चारों सत्रों की उत्तीर्णता एवं अनुत्तीर्णता का अंक पत्र आयोग को प्रेषित नहीं किया गया है/अपूर्ण अंक पत्र संलग्न किया गया है। वैसे उम्मीदवारों का अनुक्रमांक आयोग के वेबसाईट पर पुनः प्रकाशित किया जाता है। उन उम्मीदवारों को पुनः चौथी विज्ञप्ति/सूचना के माध्यम से अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे महाविद्यालय/विश्वविद्यालयों द्वारा निर्गत Attempt Certificate एवं B.D.S. के चारों सत्रों की उत्तीर्णता एवं अनुत्तीर्णता के अंक पत्र की स्व–अभिप्रमाणित (Self Attested) छायाप्रति अपने अभ्यावेदन के साथ E-mail (bpscpat-bih@nic.in) **अथवा** स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में **दिनांक 10.07.2017** को संध्या 05.00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाय। इस सूची में कतिपय वैसे अभ्यर्थियों का नाम भी शामिल है, जिनका नाम पूर्व में प्रकाशित सूची में सम्मिलित नहीं हो सका था, मगर अद्यतन समीक्षा में पाया गया है कि उनके Attempt Certificate एवं B.D.S. के चारों सत्रों की उत्तीर्णता एवं अनुत्तीर्णता का अंक पत्र भी अधूरे या अनुपलब्ध हैं। अभ्यावेदन में अभ्यर्थी को अपना नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाईल संख्या एवं अनुक्रमांक (रौल नम्बर) का उल्लेख करना अनिवार्य है। उम्मीदवार प्रेषित लिफाफा पर विज्ञापन संख्या एवं पदनाम अवश्य अंकित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र निर्धारित समय तक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आयोग द्वारा वैसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी एवं इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। इस आशय की सूचना एवं उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

वैसे उम्मीदवार जिनका नाम/अनुक्रमांक प्रकाशित सूची में नहीं है, उन्हें Attempt Certificate आयोग में भेजने की आवश्यकता नहीं है।

25/6/2017

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना